छत्तीसगढ़ शासन
वित्त विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

//आदेश//

नया रायपुर, दिनांक 11/01/2018

क्रमांक 84/F-2017-04-03861/2017/स्था./चार :– विभागीय आदेश क्र. 883/एफ 2017–04–03861/स्था./चार, दिनांक 14.08.2017 के द्वारा श्री लीलाधर साहू, सहायक प्रोग्रामर का तालिका के क्र. 1 में स्थानांतरण जिला कोषालय, बलौदाबाजार से इन्द्रावती कोषालय, नया रायपुर किया गया था। उक्त आदेश से असंतुष्ट होकर श्री साहू द्वारा स्थानांतरण निरस्त/संशोधन करने के संबंध में गठित वरिष्ठ सचिवों की समिति के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया है।

2. वरिष्ठ सचिवों की समिति की अनुशंसा दिनांक 27.09.2017 की कंडिका–4 में समिति की अनुशंसा निम्नानुसार है :–

> "समिति द्वारा अभ्यावेदन में उल्लिखित जानकारी एवं प्रशासकीय विभाग से प्राप्त अभिमत के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण किया गया है। श्री साहू का स्थानांतरण प्रशासनिक आधार पर किया गया है। इस स्थानांतरण से स्थानांतरण नीति वर्ष, 2017 की कंडिका 1.6 का उल्लंघन होना पाया जाता है। अतएव समिति अभ्यावेदन मान्य करने की अनुशंसा करती है।"

3. श्री लीलाधर साहू, सहायक प्रोग्रामर, इन्द्रावती कोषालय, नया रायपुर में कार्यभार ग्रहण किए जाने के परिणामस्वरूप उपरोक्त कंडिका–2 के परिप्रेक्ष्य में श्री लीलाधर साहू, सहायक प्रोग्रामर इन्द्रावती कोषालय, नया रायपुर से जिला कोषालय, बलौदाबाजार में राज्य शासन एतद्द्वारा प्रशासनिक आधार पर अस्थाई रूप से स्थानांतरण कर पदस्थ करता है।

4. उक्त आदेश पर समन्वय में माननीय मुख्य मंत्री जी का अनुमोदन प्राप्त है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

11/1

(शारदा वर्मा)

संयुक्त सचिव

पृष्ठा. क्र. 85/F-2017-04-03861/2017/स्था./चार

नया रायपुर, दिनांक 11/01/2018

प्रतिलिपि :–

1. माननीय राज्यपाल महोदय के सचिव, राजभवन सचिवालय, रायपुर
2. प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, मुख्य मंत्री सचिवालय/वित्त, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर
3. महालेखाकार, छत्तीसगढ़, रायपुर
4. संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन, छत्तीसगढ़, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर
5. संचालक, वित्तीय प्रबंध एवं सूचना प्रणाली संचालनालय, छत्तीसगढ़, महानदी भवन, नया रायपुर को वित्त विभाग की वेबसाईट http://cgfinance.nic.in/Transfer%20List/transfer_list.asp में अपलोड करने हेतु
6. संभागीय संयुक्त संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन, रायपुर
7. वरिष्ठ कोषालय अधिकारी, इन्द्रावती कोषालय, नया रायपुर
8. कोषालय अधिकारी, जिला कोषालय, बलौदाबाजार
9. संबंधित अधिकारी...की ओर पालनार्थ
10. आदेश फोल्डर

————की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

11/1

संयुक्त सचिव

Desktop/FD/ShivLetter 452